1	2	3	4
Lead	14.33	7.92	10.90
Nickel	46.89	46.99	77.09
Tin	32.23	18.80	29.26
Aluminium	0.20	1.07	24.52
Platinum /Palladium	0.08	..	0.20
Asbestos	3.54	6.27	4.93
Mercury (Flasks)	1.89	0.70	0.65
Silicon	..	0.23	1.78
Antimony Metal	1.75	1.75	1.21
Copper Cathodes/Metals Scrap	..	..	..
Steel	120.42	19.27	26.89
Rough Diamonds (crats)	0.15	1.33	0.84
Emeralds & Stones (crats)	2.12	4.34	3.51
Gold (for exports)	240.60	481.75	669.69
Gold (SIL)	..	..	149.47
Silver (SIL)	..	..	91.83
Others	..	..	14.57
Sugar	..	..	622.34
Others	0.02	0.46	7.64
TOTAL :	1512.54	808.75	2072.12

मसाला बोर्ड तथा कृषि मंत्रालय के बीच तालमेल का अभाव

5082. **श्री आम मोहम्मद** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मसाला बोर्ड तथा कृषि मंत्रालय के बीच तालमेल का अभाव है जिसके कारण मसालों के अनुसंधान और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है ;

(ख) इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) सरकार इस समस्या के निराकरण हेतु क्या प्रयास कर रही है और उसे कहां तक सफलता मिली है ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) से (ग) मसालों के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के संबंध में मसाला बोर्ड/वाणिज्य मंत्रालय और कृषि मंत्रालय के बीच घनिष्ठ सामंजय है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आई० सी० ए० आर०) सहित कृषि मंत्रालय के प्रतिनिधि मसाला बोर्ड में और मसाला बोर्ड की अनुसंधान एवं विकास समिति में शामिल होते हैं । इसी प्रकार, मसाला

बोर्ड के वैज्ञानिकों और वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के नियंत्रणाधीन कार्यरत राष्ट्रीय मसाला अनुसंधान केन्द्र की अनुसंधान परिषद् की बैठकों में आमंत्रित किया जाता है। वाणिज्य मंत्रालय को भी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की बैठकों में प्रतिनिधित्व दिया जाता है।

समन्वय को और अधिक मजबूत करने के लिए सदस्य (कृषि), योजना आयोग की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम एवं प्रबन्धन समिति का गठन किया गया है जिसमें वाणिज्य मंत्रालय, मसाला बोर्ड, योजना आयोग, आई० सी० ए० आर० और कृषि मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल है।

नमूनों के परीक्षण हेतु अतिरिक्त प्रयोगशालाओं की स्थापना

5083. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्या यह सच है कि नमूने के परीक्षण का कार्य दुगुना होने के बावजूद अतिरिक्त प्रयोगशालाओं की स्थापना तथा अतिरिक्त स्टाफ की ओर ध्यान नहीं दिया गया है जिनके कारण नमूनों के परीक्षण कार्य में असुविधा हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार ने इस दिशा में क्या प्रयास किए हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) जी, नहीं। फरवरी, 1994 में जयपुर में राष्ट्रीय परीक्षण शाला का एक केन्द्र स्थापित किया गया जिसमें सिविल इंजीनियरिंग और रासायनिक विधाओं (डिसीप्लिन) के परीक्षण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में स्थित उद्योगों की परीक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से गुवाहाटी में एक अन्य परीक्षण केन्द्र स्थापित किया जा रहा है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

Foreign exchange earnings from tobacco exports

5084. SHRI YERRA NARAYANASWAMY: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether annual foreign exchange earnings from tobacco exports have fallen in 1993-94 and 1994-95;

(b) if so, the details thereof; and

(c) steps proposed to enhance the foreign exchange earnings from tobacco exports?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) and (b) Yes, Sir. The annual export earnings from unmanufactured tobacco exports during the last three years are as under:—

(US $ Million)

Year	Foreign Exchange earning
1992-93 . . .	150.16
1993-94 . . .	129.44
1994-95 . . .	64.94

(Source : Tobacco Board).

(c) Steps taken to enhance tobacco exports include reorientation of production of tobacco to meet changing international needs, enhancement of quality and productivity levels, monitoring and strict control of pesticide residues, aligning grading to international grading standards and permitting imports for product development.